
www.sanjanabharati.com | दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित | facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 आखिर दिल्ली में क्यों ढ़हा 'आप' का किला?
3 जूनियर ने सीनियर को दी बोझिल मन से विदाई
4 डबल इंजन की सरकार बनने पर दिल्ली की...

वर्षः 9 | अंकः 108 | दिल्ली, मंगलवार, 11 फरवरी 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### हाथी हमले में पीड़ित के परिवार से प्रियंका ने की मुलाकात

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** हाथी हमले के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात के बाद, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि पहले मैं जहां गई थी, वहां मैंने खाई देखी जो बहुत बुरी स्थिति में है और स्थानीय लोगों को इस पर भरोसा नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि इसकी मरम्मत और खुदाई के बाद भी इसका रखरखाव नहीं किया जाएगा... मैंने विकल्पों पर चर्चा की है और कुछ सुझाव दिए हैं। हम सब मिलकर इस पर काम करेंगे। यहां के लोगों के लिए सुरक्षित महसूस करना और बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में मानव-पशु संघर्ष से निपटने के लिए धनराशि बढ़ाने को लेकर केंद्र और केरल सरकार पर दबाव डालने और इस संबंध में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कोष जुटाने का रविवार को संकल्प लिया। तिरुवम्बाडी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के नेताओं को संबोधित करते हुए वायनाड से सांसद प्रियंका ने कहा कि वह मानव-पशु संघर्ष की घटनाओं को कम से कम करने का पूरा प्रयास करेंगी।

### इंजीनियर राशिद को राहत, संसद सत्र में भाग लेने के लिए मिली 2 दिन की हिरासत पैरोल

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर रशीद को दो दिन की हिरासत पैरोल दे दी, जिन्हें यूएपीए के तहत दर्ज आतंकी फंडिंग मामले में हिरासत में लिया गया है। राशिद ने संसदीय बजट सत्र में भाग लेने के लिए हिरासत पैरोल की मांग की थी। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने आदेश सुनाते हुए कहा कि इस मामले के अजीबोगरीब तथ्यों को देखते हुए 2 दिनों के लिए कस्टडी पैरोल दी जा रही है... शर्तें लगाई गई हैं। कोर्ट ने राशिद को 11 और 13 फरवरी के लिए कस्टडी पैरोल दी है। राशिद को अपने मोबाइल फोन के साथ-साथ इंटरनेट तक पहुंच से रोक दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता संसद में भाग लेने की अपनी सीमित जिम्मेदारी को छोड़कर किसी भी व्यक्ति से बातचीत नहीं करेगा। वह किसी भी तरीके से मीडिया को संबोधित नहीं करेंगे। इस मामले में पिछले हफ्ते फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। अदालत ने राशिद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को सुना। रशीद ने इससे पहले उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि पिछले साल लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत द्वारा उनकी जमानत याचिका पर विचार करने के बाद उन्हें अधर में छोड़ दिया गया था, क्योंकि वह विशेष एमपी/एमएलए अदालत नहीं है। अंतरिम राहत के तौर पर उन्होंने अभिरक्षा पैरोल दिये जाने का अनुरोध किया है।

### 'केजरीवाल और लालू प्रसाद में अंतर नहीं'

**पटना (एजेन्सी)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हर राज्य की परिस्थिति अलग होती है लेकिन यह भी सच्चाई है कि विधान सभा के चुनाव में केजरीवाल की तरह लालू प्रसाद की पार्टी को भी करारी हार का सामना करना पड़ेगा। राजद 2014 के संसदीय चुनाव में जीरो पर आउट हो चुका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और बिहार की सामाजिक बनावट में अंतर हो सकता है, लेकिन अरविंद केजरीवाल और लालू प्रसाद में काफी समानताएँ हैं। दोनों ही भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा चुके हैं, दोनों ने जेल से सरकार चलाने की कोशिश की और दोनों ही अपने अहंकार के आगे गठबंधन के सहयोगी दलों का अपमान करते हैं। चौधरी ने कहा कि राजद के लोग अपने कार्यकताओं का मन बहलाने के लिए जो भी बयान देते हों, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता । बिहार 20 साल पीछे लौटने वाला नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता राजद शासन के पुराने दौर से आगे निकल चुकी है। अब जाति और झूठे वादों पर नहीं, बल्कि पीएम मोदी और नीतीश कुमार के विकास की गारंटी पर लोग वोट देते हैं। चौधरी ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 सीटें जीतने का लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में है। जनता का आशीर्वाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

**जयपुर (एजेन्सी)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर शहर में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से काम किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को ग्राम लोहागल एवं ग्राम काजीपुरा में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। इनकी लागत 35 लाख रुपए से अधिक है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि अजमेर के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से काम किया जा रहा है। इसी के अनुरूप काम हो रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में अजमेर राजस्थान का बड़ा हब बनेगा। इसी तरह आयुर्वेद विश्वविद्यालय, खेल अकेडमी, स्पोर्ट्स कॉलेज, आईटी पार्क एवं अन्य विकास कार्य अजमेर के नए मील के पत्थर बनेंगे।

## प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2025 के दौरान छात्रों से बातचीत की

# परीक्षाएं ही सब कुछ नहीं हैं, ज्ञान और परीक्षाएं एक ही चीज नहीं हैः प्रधानमंत्री

**संजना भारती/पीआईबी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली की सुंदर नर्सरी में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) के 8वें आयोजन के दौरान छात्रों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने देशभर के छात्रों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने तिल से बनी मिठाइयां वितरित कीं, जो सर्दियों के दौरान शरीर को गर्म रखने के लिए पारंपरिक रूप से परोसी जाती हैं।

श्री मोदी ने पोषण के विषय पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया है और भारत के एक प्रस्ताव पर इसे दुनिया भर में प्रचारित किया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने दृढ़ता से आग्रह किया है कि पोषण के बारे में बहुत जागरूकता होनी चाहिए, क्योंकि उचित पोषण कई बीमारियों को रोकने में मदद करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में बाजरा को सुपरफूड के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में, फसलें, फल जैसी अधिकांश चीजें हमारी विरासत से जुड़ी हुई हैं और एक उदाहरण दिया कि हर नई फसल या मौसम भगवान को समर्पित होता है और पूरे भारत में अधिकांश स्थानों पर त्यौहार मनाए जाते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि भगवान को चढ़ाए गए भोग को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। श्री मोदी ने बच्चों से मौसमी फल खाने का आग्रह किया। उन्होंने बच्चों को जंक फूड, तैलीय भोजन और मैदा से बने खाद्य पदार्थों से बचने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने भोजन



को सही तरीके से करने के महत्व पर बात करते हुए बच्चों को इसे कम से कम 32 बार चबाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को पानी पीते समय पानी के छोटे-छोटे घूंट और उसका स्वाद लेने के बारे में भी बताया। श्री मोदी ने उचित समय पर उचित भोजन करने के विषय पर किसानों का उदाहरण देते हुए कहा कि वे खेतों में जाने से पहले सुबह भरपेट नाश्ता करते हैं और सूर्यास्त से पहले अपना भोजन पूरा कर लेते हैं। उन्होंने छात्रों को इसी तरह की स्वस्थ अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि बीमार नहीं होने का अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति स्वस्थ है। उन्होंने बच्चों से स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा कि शरीर की फिटनेस और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में नींद लेना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मानव स्वास्थ्य पर नींद के महत्व पर कई शोध परियोजनाएं चल रही हैं। श्री मोदी ने मानव शरीर के लिए सूर्य के प्रकाश के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों को प्रतिदिन कुछ मिनट के लिए सुबह की धूप में रहने की आदत डालने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को सूर्योदय के तुरंत बाद पेड़ के नीचे खड़े होकर गहरी सांस लेने के लिए भी कहा। प्रधानमंत्री ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि किसी व्यक्ति के जीवन में प्रगति करने के लिए पोषण का महत्व इस बात पर निर्भर करता है कि वह क्या, कब, कैसे और क्यों खाता है। श्री मोदी ने दबाव पर काबू पाने के विषय पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे समाज ने इस विचार को गहराई से समाहित कर लिया है कि 10वीं या 12वीं जैसी स्कूली परीक्षाओं में अधिक अंक नहीं लाना जीवन बर्बाद करना है। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों पर दबाव और बढ़ जाता है। क्रिकेट मैच में गेंद पर बल्लेबाज की एकाग्रता का हवाला देते हुए श्री मोदी ने बच्चों को बल्लेबाज की तरह बाहरी दबाव से बचने और केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे उन्हें दबाव से उबरने में मदद मिलेगी।

छात्रों से अच्छी तरह से तैयार रहने और हर समय खुद को चुनौती देते रहने के लिए कहते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत से लोग खुद के खिलाफ अपनी लड़ाई नहीं लड़ते हैं। उन्होंने आत्म-चिंतन के महत्व पर व्यक्तियों से बार-बार खुद से सवाल पूछने का आग्रह किया कि वे क्या बन सकते हैं, क्या हासिल कर सकते हैं और कौन से कार्य उन्हें संतुष्टि प्रदान करेंगे। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी का ध्यान दैनिक बाहरी प्रभावों जैसे अखबारों या टीवी से प्रभावित नहीं होना चाहिए, बल्कि समय के साथ लगातार विकसित होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने बताया कि बहुत से लोग अक्सर अपने दिमाग को दिशाहीन भटकने देते हैं। उन्होंने उन्हें सलाह दी कि वे अपने निर्णयों में लापरवाही न बरतें और किसी ऐसी चीज पर शांति पाने के लिए ध्यान केंद्रित करें, जो उन्हें चुनौतियों से निपटने में मदद करेगी।



पेरिस, फ्रांस में भारतीय समुदाय द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। (स्त्रोतः पीआईबी)

# गृह मंत्री से मिले उमर अब्दुल्ला

**(एजेन्सी)।**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाली, सुरक्षा स्थिति और शासन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आज संसद में गृह मंत्री से मुलाकात की। गृह मंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा, शासन से संबंधित मामलों, सुरक्षा स्थिति और 3 मार्च को होने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा के आगामी बजट सत्र पर विस्तृत चर्चा की।

जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनने के बाद उमर अब्दुल्ला की अमित शाह से यह तीसरी मुलाकात थी। इंडिया ब्लॉक यूनिटी के बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया ब्लॉक भविष्य में कोई बैठक बुलाता है, तो वह वहां मुद्दों पर चर्चा करेगा। अगर मैं मीडिया में कुछ कहता हूं



तो मेरी बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है. इसलिए अगर मुझे कुछ भी चर्चा करनी है, तो मैं इंडिया ब्लॉक की बैठक में इस पर चर्चा करूंगा।

पिछले हफ्ते, गृह मंत्री ने नई दिल्ली में अपने आवास पर एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सहित शीर्ष सुरक्षा और नागरिक अधिकारी शामिल हुए। इससे पहले केंद्र ने 2025-26 के केंद्रीय बजट में जम्मू-कश्मीर को 41,000.07 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान के लगभग बराबर है। इसके अतिरिक्त, जम्मू-कश्मीर पुलिस को 9,325.73 करोड़ रुपये मिलेंगे। वर्ष 2024-25 में पुलिस के लिए 8,665.94 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और पूर्ववर्ती राज्य के पुनर्गठन के बाद से जम्मू-कश्मीर पुलिस सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नियंत्रित है।

### मुख्यमंत्री ने किया सैडल बांध का निरीक्षण

**एसबी संवाददाता**


**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को रावतभाटा स्थित राणा प्रताप सागर बांध के अपस्ट्रीम में सैडल डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित कार्यों की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री शर्मा को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने राणाप्रताप सागर-ब्राह्मणी के बाढ़ सुरक्षा प्रबंधन एवं उक्त बाढ़ के जल के बीसलपुर बांध में जल अपवर्तन परियोजना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राणाप्रताप सागर के सैडल डैम के सरप्लस पानी को ब्राह्मणी नदी में डालने के लिए प्रस्तावित कैरिज के मार्ग एवं यहां से पानी बीसलपुर बांध के अपस्ट्रीम तक पहुंचाने की कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है।

# 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगेः गृह मंत्री अमित शाह

**(एजेन्सी)।**

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए। पुलिस ने ऑपरेशन के दौरान इलाके से हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता मिली है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सली मारे गए और भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद हुए। आज हमने मानव विरोधी नक्सलवाद को खत्म करने



के प्रयास में अपने दो वीर जवानों को खो दिया है। यह देश इन वीरों का सदैव ऋणी रहेगा। मैं शहीद जवानों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं अपना संकल्प भी दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश सेनक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े। बस्तर पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह जंगलों में मुठभेड़ हुई। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने कहा कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए। मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के एक जवान सहित दो जवानों की जान चली गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

# वर्तमान सरकार मूलभूत सुविधाओं के विस्तार व रख रखाव के प्रति गंभीरः जगमोहन आनंद

## करनाल शहर को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक सुझाव का स्वागत

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि वर्तमान सरकार आमजन को मुहैया करवाई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के विस्तार व रख रखाव के प्रति गंभीर है। शहर वासियों को मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। वे स्थानीय करनाल क्लब में सिटीजन ग्रीवैंसज कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल मे वर्तमान सरकार ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति पर कार्य करते हुए करनाल विधानसभा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है और करनाल शहर की तस्वीर बदली है। आमजन भी इस विकास से भलीभांति परीचित है। उन्होंने कहा कि मै भी करनाल का बेटा हूं, शहर की भौगोलिक परिस्थिति से बेहतर परिचित हूं और शहर में विकास की हर सम्भावना पर कार्य करने के लिए प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सडकों को जाम-मुक्त बनाने के लिए दर्जनों स्लीप वे बनाए गए है और सडको का बेहतर सुदृढिकरण हुआ है। सौंदर्यकरण की दृष्टि से भी करनाल की




सडके बेहतर हुई है तथा पार्को के रख रखाव व नए पार्को के निर्माण से आमजन को सीधा लाभ मिला है। सीवरेज सिस्टम में सुधार किया गया है व पेयजल सुविधाओं में भी विस्तार हुआ है। शहर के बीचो बीच निमार्णाधीन फ्लाई ओवर से आमजन को यातायात की दृष्टि से एक बड़ी सुविधा मिलेगी और शहर करनाल इससे जाम मुक्त होगा।


सीजीसी सदस्यों के साथ बैठक के दौरान विधायक ने यह भी कहा कि करनाल शहर को बेहतर बनाने के दृष्टिगत प्राप्त हो रहे प्रत्येक सुझाव का स्वागत है। ऐसे हर सुझाव पर अवश्य कार्य पूरा किया जाएगा, जिससे आमजन का फायदा हो। उन्होंने कहा कि यह जनहित की सरकार है। जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्यो को आगें बढ़ाया जा रहा है। सीजीसी भी पिछलें कई वर्षो से आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए कार्य कर रही है। शहर को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि तथा आमजन का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में साथ एवं सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सीजीसी सदस्यों ने विधायक के समक्ष अपने सुझाव रखे।

इस अवसर पर चेयरपर्सन अंजू शर्मा, पूर्व पार्षद वीर विक्रम कुमार, विपिन शर्मा, एडवोकेट लाजपत राय जी, प्रोफेसर एस.के.शर्मा, वी.के.बंसल, प्रमोद कुमार गुप्ता, रजनीश, संदीप लाठर सहित सीजीसी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हरीश रावत ने कांग्रेस को किया आगाह

**एसबी संवाददाता**

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सोमवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे चिंताजनक थे और उन्होंने कांग्रेस से पहाड़ी राज्य में 2027 के विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सबक सीखने का आग्रह किया। फेसबुक पर एक पोस्ट में रावत ने तर्क दिया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन नतीजों की दिशा बदल सकता था, उन्होंने केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को लताड़ा और कहा कि अगर गठबंधन सहयोगियों, विशेष रूप से आप, ने कांग्रेस को बाहर निकालने का लक्ष्य नहीं रखा होता, तो दिल्ली में दोनों पार्टियों के बीच एक रणनीतिक गठबंधन बन सकता था। लेकिन केजरीवाल के अहंकार ने इसे संभव नहीं बनाया। हमारी साझेदारी टूट गई और आप का वोट बैंक टूट गया और इसका सीधा असर आप की संख्या पर पड़ा। कमान संभालते हुए उन्होंने बीजेपी की चुनावी रणनीति को रेखांकित किया और कहा कि बीजेपी अपनी पूरी ताकत लगाकर, युद्ध की रणनीति के रूप में छल, बल और धन का इस्तेमाल करके जीत हासिल करने का काम करती है. बीजेपी के पास वर्तमान में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में दो शक्तिशाली प्रचारक हैं जो विपक्ष को कुचल सकते हैं. यह आज की बीजेपी है, जो दिल्ली जीतने से पहले बिहार की तैयारी कर रही है. इसके विपरीत, गठबंधन में एक-दूसरे पर आरोप लगाने की होड़ मची हुई है।



# सम्पादकीय

## कांग्रेस को नहीं मिल पाई चुनावी सफलता

**दिल्ली** पर सत्तारूढ़ रही इंडिया गठबंधन की सहयोगी 'आप' की रणनीति ही ऐसी मारक रही कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस का यहां तीसरी बार भी खाता नहीं खुलने दिया, जिससे उसके रणनीतिकारों की राजनीतिक पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है। बता दें कि 2015, 2020 और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट पर चुनावी सफलता नहीं मिल पाई है, जबकि उसकी शीला दीक्षित सरकार ने डेढ़ दशक तक यहां शासन किया है और दिल्ली के बहुमुखी विकास में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है। दरअसल, यह सब कुछ अनायास नहीं हुआ बल्कि भाजपा की एक सोची-समझी गुप्त रणनीति के तहत किया गया, जिसे अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन बनाने के चक्कर में आप और कांग्रेस नहीं समझ पाई। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों ने भी आप और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के आप परिणामों के बाद से दिल्ली-पंजाब में चौड़ी हो रही सियासी खाई को पाटने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि आप की खुली तरफदारी करके कांग्रेस को नीचा दिखाने का काम किया। इससे भी बात बनते बनते बिगड़ गई। बता दें कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी यानी सपा के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृण मूल कांग्रेस यानी टीएमसी की सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी शिवसेना यूबीटी के आलाकमान उद्धव भाऊ ठाकरे, एनसीपी शरद पवार के प्रमुख शरद पवार आदि ने अपने-अपने सूबे में जारी कांग्रेस के सियासी दांवपेंचों से खार खाते हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की खुली तरफदारी की, जिससे कांग्रेस का मुस्लिम-दलित वोट बैंक आप के साथ जुड़ा रहा। इससे दिल्ली में कांग्रेस को तीसरी बार भी जीरो पर समेटने में 'आप' सफल रही। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने 'इंडिया गठबंधन' में आप भले ही दिल्ली में शामिल रही, लेकिन पंजाब में उसने दोस्ताना मुकाबला किया। फलस्वरूप यह निकला कि दिल्ली की कुल 7 लोकसभा सीटों में से आप के हिस्से वाली 3 सीटों पर और कांग्रेस के हिस्से वाली 4 सीटों पर भाजपा ने दोनों पार्टियों को जबरदस्त शिकस्त दी। वहीं, पंजाब में हुए दोस्ताना टक्कर के दौरान वहां सत्तारूढ़ 'आप' पर कांग्रेस भारी पड़ी, क्योंकि पंजाब के 14 लोकसभा सीटों में से आप को जहां मात्र 3 सीटों पर जीत मिली, वहीं कांग्रेस ने 7 सीटें पर अपना कब्जा जमा लिया। जो आप नेताओं को नागवार गुजरा। जबकि कांग्रेस ने अपनी सूबाई नेतृत्व की पीठ थपथपाई, जिसने अड़ियल रूख दिखलाकर आप-कांग्रेस में आत्मघाती राजनीतिक समझौता नहीं होने दिया और आप पर दुगुनी से ज्यादा बढ़त हासिल करके दिखला दिया। समझा जाता है कि यहीं से कांग्रेस और आप में पुनः राजनीतिक दूरी बननी शुरू हो गई, क्योंकि पंजाब में कांग्रेस की रीति-नीति ही वहां पर सत्तारूढ़ आप की भगवंत मान सिंह सरकार के लिए गम्भीर खतरा बन सकती है। चूंकि कांग्रेस ही पंजाब में मुख्य विपक्षी पार्टी है, इसलिए इसके साथ आप की राजनीतिक मित्रता का पंजाब के लोगों के बीच गलत संदेश जा सकता है। वहीं, दिलचस्प बात यह है कि चाहे दिल्ली हो या पंजाब, आप ने कांग्रेस को सियासी शिकस्त देकर ही सत्ता पाई है। इसलिए दोनों में महज भाजपा विरोधी धर्मनिरपेक्षता के सवाल पर दोस्ती की गुंजाइश बनाना आप के लिए आत्मघाती रणनीति ही हो सकती है। कुछ यही सोचकर आप ने दिल्ली में एकला चलने का निर्णय लिया और इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस विरोध के नाम पर अपने पाले में कर लिया। हालांकि, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने इस मामले में कांग्रेस-आप समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों को समय रहते ही आगाह कर दिया था, लेकिन उनकी दूरदर्शितापूर्ण सलाह की सबने अनदेखी की। यही वजह है कि आप व कांग्रेस की उम्मीदों के विपरीत चुनाव परिणाम मिलने पर उन्होंने सटीक टिप्पणी की कि "जी भरकर लड़ो, खत्म कर दो एक दूसरे को।"

## जयंती

### तिलका माँझी

जन्म-11 फरवरी, 1750, सुल्तानगंज, बिहार; शहादत-1785, भागलपुर) 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम' के पहले शहीद थे। इन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध एक लम्बी लड़ाई छेड़ी थी। संथालों द्वारा किये गए प्रसिद्ध 'संथाल विद्रोह' का नेतृत्त्व भी तिलका माँझी ने किया था। तिलका माँझी का नाम देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्रामी और शहीद के रूप में लिया जाता है। अंग्रेजी शासन की बर्बरता के जघन्य कार्यों के विरुद्ध उन्होंने जोरदार तरीके से आवाज उठायी थी। इस वीर स्वतंत्रता सेनानी को 1785 में गिरफ़्तार कर लिया गया और फिर फाँसी दे दी गई।



## पुण्यतिथि

### दीनदयाल उपाध्याय

जन्म: 25 सितंबर, 1916, मथुरा, उत्तर प्रदेश; मृत्यु: 11 फरवरी 1968)



भारतीय जनसंघ के नेता थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा एक ऐसे नेता थे जिन्होंने जीवनपर्यन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया। वे भारतीय जनता पार्टी के लिए वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मजहब और संप्रदाय के आधार पर भारतीय संस्कृति का विभाजन करने वालों को देश के विभाजन का ज़िम्मेदार मानते थे। वह हिन्दू राष्ट्रवादी तो थे ही, इसके साथ ही साथ भारतीय राजनीति के पुरोधा भी थे। दीनदयाल की मान्यता थी कि हिन्दू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं। दीनदयाल उपाध्याय की पुस्तक एकात्म मानववाद (इंटीगरल ह्यूमेनिज्म) है जिसमें साम्यवाद और पूंजीवाद, दोनों की समालोचना की गई है। एकात्म मानववाद में मानव जाति की मूलभूत आवश्यकताओं और सृजित कानूनों के अनुरुप राजनीतिक कार्रवाई हेतु एक वैकल्पिक सन्दर्भ दिया गया है।

## कल मिलेंगे

**पत्नी**-कहां पर हो?
**पति**-स्कूटर से गिर गया हूं एक्सीडेंट हो गया है, हॉस्पिटल जा रहा हूं.
**पत्नी**-ध्यान रखना, टिफिन टेढ़ा ना हो जाये, वरना दाल गिर जाएगी...

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# आखिर दिल्ली में क्यों ढ़हा 'आप' का किला?

**दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया**

-योगेश कुमार गोयल

**दिल्ली** में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढ़ह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। 27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई?

दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए आप की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। इन घटनाओं ने पार्टी की स्वच्छ राजनीति के दावे पर सवाल खड़े किए और जनता के विश्वास को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं वीआईपी कल्चर के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे, भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।

पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढ़ांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे रेवड़ी संस्कृति कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इसके अलावा, इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे आप की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढ़ेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी आप वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी।

विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चचाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिरकर महज 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में आप को ऐसी आपदा करार देते हुए भाजपा कार्यकताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और प्रधानमंत्री के आपदा वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को इस मुद्दे पर घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा।

बहरहाल, केजरीवाल का दावा था कि वे राजनीति में नैतिकता और शुचिता की राजनीति करने आए हैं लेकिन उन्होंने दूसरे राज्यों के चुनावों में जिस तरह से पैसा खर्च किया और दिल्ली में कोरोना काल के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर जो शीशमहल बनवाया, उसे लेकर उन पर लगातार लगते रहे आरोपों का पार्टी के पास ही कोई कारगर जवाब नहीं था। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, उनका अड़ियल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। कुल मिलाकर, केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा। दिल्ली की खस्ताहाल सड़कों और बारिश के मौसम में जलभराव के मुद्दे ने भी दिल्ली में केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ाई। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस मुद्दे पर आप को घेरा, जिसने आप की लुटिया डुबोने में बड़ी भूमिका निभाई।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की हैं असाधारण उपलब्धियां

**केंद्र सरकार द्वारा आज युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिये जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है**

-प्रहलाद सबनानी

**दिनांक** 31 जनवरी 2025 को देश की राष्ट्रपति आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने लोक सभा एवं राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन को अपने सम्बोधन में, हाल ही के समय में, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा है कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी (केंद्र) सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। और, इन निर्णयों में देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए उक्त भाषण में अंशों को जोड़कर इस लेख में यह बताने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार भारत में गरीब वर्ग, युवाओं, मातृशक्ति, किसानों, आदि के लिए विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं।

आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि का खर्च किए जाने की योजना है। इसी प्रकार, गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभी तक 2 करोड़ 25 लाख सम्पत्ति कार्ड जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ किसानों को पिछले कुछ महीनों में 41,000 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ नागरिकों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। आज मध्यम वर्ग को मकान/फ्लैट खरीदने के लिए लोन पर सब्सिडी भी दी जा रही है एवं रेरा जैसा कानून बनाकर मध्यम वर्ग के स्वयं के मकान सम्बंधी सपने को सुरक्षा दी गई है। देश के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आयुषमान भारत योजना चलाई जा रही है। अब इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया गया है। इन वरिष्ठ नागरिकों को प्रत्येक वर्ष में पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।

केंद्र सरकार द्वारा आज युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिये जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है। सहकार से समृद्धि की भावना पर चलते हुए सरकार ने 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

जब देश के विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिलने लगता है तभी विकास सार्थक होता है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिलने से उसमें जो सशक्तिकरण का भाव पैदा होता है, वो गरीबी से लड़ने में उसकी मदद करता है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बने 12 करोड़ शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क दिए गए 10 करोड़ गैस कनेक्शन, 80 करोड़ जरूरतमंदों को राशन, सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेक योजनाओं ने गरीब को ये भरोसा दिया है कि वो सम्मान के साथ जी सकते हैं। ऐसे ही प्रयासों की वजह से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करके आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने नियो मिडिल क्लास का एक ऐसा समूह तैयार किया है, जो भारत की ग्रोथ को नई ऊर्जा से भर रहा है। उड़ान योजना ने लगभग डेढ़ करोड़ लोगों का हवाई जहाज में उड़ने का सपना पूरा किया है। जन औषधि केंद्र में 80 प्रतिशत रियायती दरों पर मिल रही दवाओं से, देशवासियों के 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बचे हैं। हर विषय की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी का बहुत लाभ मध्यम वर्ग को मिला है।

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में पच्चीस हजार बस्तियों को जोड़ने के लिए 70,000 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की हैं। आज जब हमारा देश अटल जी की जन्म शताब्दी का वर्ष मना रहा है, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उनके विजन का पर्याय बनी हुई है। देश में अब 71 वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेन चल रही हैं, जिनमें पिछले छह माह में ही 17 नई वंदे भारत और एक नमो भारत ट्रेन को जोड़ा गया है।

आगे आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास में देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति के योगदान को बढ़ाना ही होगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की दस करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक लिंकेज के माध्यम से वितरित की गई है। केंद्र सरकार ने देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने लक्ष्य निर्धारित किया है। आज एक करोड़ 15 लाख से भी अधिक लखपति दीदी एक गरिमामय जीवन जी रही हैं। इनमें से लगभग 50 लाख लखपति दीदी, बीते 6 महीने में बनी हैं। ये महिलाएं एक उद्यमी के रूप में अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं। भारत में सभी के लिए बीमा की भावना के साथ कुछ महीने पूर्व ही बीमा सखी अभियान भी शुरू किया गया है। बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि सखियां नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा दे रही हैं और पशु सखियों के माध्यम से देश का पशुधन मजबूत हो रहा है। आज भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। आज बालिकाओं की भर्ती राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में भी प्रारंभ हो गई है। नेशनल डिफेंस अकैडमी में भी महिला कैडेट्स की भर्ती शुरू हो गई है। पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल ने युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए हैं। पिछले दो वर्षों में सरकार ने, रिकॉर्ड संख्या में दस लाख स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। युवाओं के बेहतर कौशल और नए अवसरों के सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपए का पैकेज केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था से युवाओं को ग्राउंड पर काम करने का अनुभव प्राप्त होगा। आज भारत में डेढ़ लाख से अधिक स्टार्टअप हैं जो इनोवेशन के स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपए की लागत से स्पेस सेक्टर में वेंचर कैपिटल फंड की शुरूआत भी की गई है। आज भारत क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल इंडेक्स 2025 में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अर्थात, फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी में अकऔर डिजिटल तकनीक अपनाने में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भी भारत की रैंकिंग 76 से सुधर कर 39 हो गई है। यह सब भारतीय युवाओं के भरोसे ही सम्भव हो पा रहा है।

देश में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था तैयार की जा रही है। कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे, इसीलिए मातृभाषा में शिक्षा के अवसर दिये जा रहे हैं। विभिन्न भर्ती परीक्षाएं तेरह भारतीय भाषाओं में आयोजित कर, भाषा संबंधी बाधाओं को भी दूर किया गया है। बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए दस हजार से अधिक स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब्स खोली गई हैं। ईज ऑफ डूइंग रिसर्च के लिए हाल ही में वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन स्कीम लायी गई है। इससे अंतरराष्ट्रीय शोध की सामग्री निशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। पिछले एक दशक में भारत में उच्च शिक्षण संस्थाओं की संख्या बढ़ी है। इनकी गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार हुआ है। क्यूएस विश्व यूनिवर्सिटी-एशिया रैंकिंग में भारत के 163 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के नये कैंपस का शुभारंभ कर शिक्षा में, भारत का पुराना गौरव वापस लाया गया है।

विकसित भारत के निर्माण में किसान, जवान और विज्ञान के साथ ही अनुसंधान का बहुत बड़ा महत्व है। भारत को भारत को ग्लोबल इनोवेशन पावरहाउस बनाने के लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देश के शिक्षण संस्थाओं में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए पचास हजार करोड़ रुपए की लागत से अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउन्डेशन स्थापित किया गया है। 10,000 करोड़ रुपए की लागत से विज्ञानधारा योजना के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत के योगदान को आगे बढ़ाते हुए इंडिया ए आई मिशन प्रारम्भ किया गया है। राष्ट्रीय क्वांटम मिशन से भारत, इस फ्रंटियर टेक्नॉलाजी में दुनिया के अग्रणी देशों की पंक्ति में स्थान बना सकेगा। देश में बायो-मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से BioE3 Policy लायी गई है। यह पॉलिसी भविष्य की औद्योगिक क्रांति का सूत्रधार होगी। बायो इकॉनामी का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोग करना है जिससे पर्यावरण को संरक्षित करते हुए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

भारत के छोटे व्यापारी गांव से लेकर शहरों तक, हर जगह आर्थिक प्रगति को गति देते हैं। केंद्र सरकार छोटे उद्यमियों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर दे रही है। टरटए के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम और ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब्स सभी प्रकार के उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं। मुद्रा ऋण की सीमा को दस लाख रुपए से बढ़ाकर बीस लाख रुपए करने का लाभ करोड़ों छोटे उद्यमियों को हुआ है। केंद्र सरकार ने क्रेडिट एक्सेस को आसान बनाया है। इससे वित्तीय सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाया जा सका है। आज लोन, क्रेडिट कार्ड, बीमा जैसे प्रोडक्ट, सबके लिए आसानी से सुलभ हो रहे हैं।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# एक बंदर के कारण अंधेरे में सोई पूरे देश की जनता!

(एजेन्सी)।

**कोलंबो**। श्रीलंका में रविवार को पूरे देश में बिजली गुल हो गई, जिससे नागरिक घंटों अंधेरे में रहे और यह सब एक बंदर की वजह से हुआ। ऊर्जा मंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि बंदर की वजह से सिस्टम में असंतुलन पैदा हो गया। पड़ोसी देश में बिजली गुल होने की वजह से भारी नुकसान हुआ और रिपोर्ट के अनुसार, द्वीपीय देश में धीरे-धीरे बिजली बहाल हो रही है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, बिजली गुल होने की वजह से जल उपचार संयंत्र और चिकित्सा सुविधाएं भी प्रभावित हुई हैं और फिलहाल उन्हें प्राथमिकता दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री कुमारा जयकोडी ने कहा, एक बंदर हमारे ग्रिड ट्रांसफॉर्मर के संपर्क में आ गया है, जिससे सिस्टम में असंतुलन पैदा हो गया है। यह घटना कोलंबो के दक्षिण में एक उपनगर में हुई। जबकि कुछ क्षेत्रों में बिजली बहाल कर दी गई है, अधिकारियों को यह निश्चित नहीं है कि बिजली को पूरी तरह से बहाल करने में कितना समय लगेगा। जयकोडी ने कहा, "इंजीनियर जल्द से जल्द सेवा बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं।"

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा मंत्री कुमार जयकोडी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, "एक बंदर हमारे ग्रिड ट्रांसफॉर्मर के संपर्क में आ गया है, जिससे सिस्टम में असंतुलन पैदा हो गया है।" कई रिपोर्टों के अनुसार, रविवार को स्थानीय समयानुसार 11:00 बजे (05:30 GMT) बिजली गुल होने की वजह से कई लोगों को जनरेटर का सहारा लेना पड़ा। बीबीसी ने एक समाचार पत्र की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इंजीनियर श्रीलंका की सरकारों को "सालों से" चेतावनी दे रहे हैं कि वे पावर ग्रिड को अपग्रेड करें अन्यथा उन्हें बार-बार ब्लैकआउट का सामना करना पड़ेगा। बीबीसी के अनुसार, रिपोर्ट में एक वरिष्ठ इंजीनियर के हवाले से कहा गया है, "राष्ट्रीय पावर ग्रिड इतनी कमजोर स्थिति में है कि अगर हमारी एक भी लाइन में गड़बड़ी होती है, तो पूरे द्वीप में बार-बार बिजली गुल हो सकती है।" इस बीच, सोशल मीडिया पर उपयोगकताओं ने सवाल उठाया कि क्या यह वास्तव में एक बंदर था जिसने श्रीलंका को अंधेरे में धकेल दिया। एक उपयोगकर्ता ने एक्स पर कहा, "एक दुष्ट बंदर ने कोलंबो में एक सबस्टेशन में पूरी तरह से विफलता को ट्रिगर करने के बाद श्रीलंका के पूरे पावर ग्रिड को नष्ट कर दिया।"

एक अन्य ने उल्लेख किया, "एक बंदर = कुल अराजकता। बुनियादी ढांचे पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है?" स्थानीय समाचार पत्र डेली मिरर की प्रधान संपादक जमीला हुसैन ने कहा, "केवल श्रीलंका में ही पावर स्टेशन के अंदर बंदरों के एक समूह की लड़ाई पूरे द्वीप में बिजली गुल कर सकती है।"

# 13 सालों में रोहित शर्मा ने किया कारनामा

(एजेन्सी)।

**टीम** इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बाराबती स्टेडियम में खेले गए दूसरे वनडे में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन पारी खेली। उनकी इसी पारी की बदौलत टीम इंडिया ने सीरीज में अजेय बढ़त बनाई। काफी समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हिटमैन ने 12 चौकों और 7 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 90 गेंदों पर 119 रन बनाकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। उनकी इस पारी के कारण से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। ये उनके करियर का लगातार 13वां साल है जब उन्होंने साल से कम से कम एक प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता हो।

# ममता कुलकर्णी ने नाराजगी के बाद महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दिया

(एजेन्सी)। ममता के मराठी उच्चारण और धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने में असमर्थता के बावजूद, उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में कई भूमिकाएँ निभाईं, जिसकी शुरूआत 1992 में तिरंगा से हुई और उसके बाद करण अर्जुन, सबसे बड़ा खिलाड़ी, बाजी और 2002 में कभी तुम कभी हम की रिलीज तक। शर्मिला टैगोर के बेटे सैफ अली खान के साथ आशिक आवारा में भूमिका के लिए उन्हें फिल्मफेयर और लक्स से 'न्यू फेस' पुरस्कार मिला। अब ममता कुलकर्णी एक बार फिर से चर्चा में हैं। ममता कुलकर्णी को हाल ही में महामंडलेश्वर को ज्वाइंन किया था। विवाद बड़ा होने पर उन्हें पद से हटाने की पेशकश की गयी। अब नाराजगी के बाद ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया गया है। सोमवार को बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी ने सोशल मीडिया पर नाराजगी के कुछ दिन बाद किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पद से आधिकारिक तौर पर इस्तीफा देने की घोषणा करते हुए एक वीडियो शेयर किया। ऐसा लगता है कि इस अखाड़े के महामंडलेश्वर का पद ममता कुलकर्णी को दिए जाने को लेकर आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी और किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास के बीच विवाद के बाद यह इस्तीफा लंबे समय से लंबित था। अब ममता ने एक वीडियो शेयर कर महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया है।

# बिटकॉइन में उछाल आने की संभावना, पैनशिबी भी वृद्धि के लिए तैयार

(एजेन्सी)।

**बिटकॉइन** एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। बिटकॉइन की कीमत में फिर से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। 10 फरवरी को वैश्विक बाजार में बिटकॉइन की कीमत $96,424.94 पर है। इसकी चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि ये कीमत बीते सप्ताह की तुलना में 5.61 फीसदी नीचे गिर गई है। कई विश्लेषक इस आस में बैठे हैं कि बीटीसी जल्द ही अपनी दिशा बदल सकता है, खासकर अगर ट्रेडिंग वॉल्यूम में उछाल आता है और संस्थागत रुचि फिर से उभरती है। इस बीच, व्यापक क्रिप्टो बाजार लाल और हरे रंग का मिश्रण दिखाता है, जिसमें कुछ ऑल्टकॉइन स्थिर हो रहे हैं जबकि अन्य गति की तलाश कर रहे हैं। इस अनिश्चित माहौल में, पैंशिबी नामक एक उभरता हुआ मेम सिक्का ध्यान आकर्षित कर रहा है, जो पहले के टोकन से तुलना करने के लिए प्रेरित करता है जिन्होंने असाधारण रिटर्न दिया। बिटकॉइन की कीमत पर नजर रखने वाले व्यापारियों का मानना है कि अल्पकालिक उछाल संभव है, हालांकि इसकी गारंटी नहीं है। कुछ लोग ऐतिहासिक पैटर्न की ओर इशारा करते हैं जिसमें बीटीसी में गिरावट मजबूत रिकवरी से पहले होती है - खासकर जब बाजार पर नजर रखने वाले ओवरसोल्ड स्थितियों को देखते हैं। हालांकि, वास्तविक उछाल के लिए, पर्यवेक्षकों का कहना है कि बिटकॉइन को नए उत्प्रेरक की आवश्यकता है, जैसे कि नए कॉर्पोरेट अपनाने या अनुकूल विनियामक घोषणाएँ। व्हेल भी एक भूमिका निभाते हैं: बड़े धारकों से बढ़ी हुई खरीद अक्सर उलटफेर के साथ मेल खाती है, हालांकि इस बात की कोई पुख्ता पुष्टि नहीं है कि ऐसा होने वाला है। सतर्क आशावाद इस संभावना को लेकर है कि व्यापक आर्थिक घटनाएँ - जैसे मुद्रास्फीति में कमी या केंद्रीय बैंक की नीति में बदलाव-पूंजी को वापस क्रिप्टो में स्थानांतरित कर सकती हैं।

# 'एससी-एसटी विद्यार्थियों का बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ पाठ्यक्रमों में निशुल्क दाखिला'

## समाज के हर वर्ग तक उच्च शिक्षा पहुंचा रहा इग्नूः डॉ धर्म पाल

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की एससी-एसटी विद्यार्थी जिन्होंने अभी 12वीं की परीक्षा पास की है वे सभी इग्नू के तीन ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ कोर्स में निशुल्क दाखिला ले सकते हैं।



निशुल्क दाखिले के लिए विद्यार्थी के माता-पिता की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें सिर्फ 300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 200 रु डेवलपमेंट फीस देनी होगी। इग्नू में दाखिला इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दुरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है इग्नू में जनवरी 2025 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे है इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं। प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है।

दाखिले के लिए उम्मीदवारों को फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, शैक्षिक योग्यता के प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, श्रेणी प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र और बीपीएल प्रमाण पत्र (योग्य होने पर) की स्कैन की गई कॉपी की जरूरत होगी। उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म में अध्ययन का तरीका, प्रोग्राम का प्रकार, मुख्य विषय की जानकारी भरनी होगी। आवेदन फॉर्म में गलती होने पर उसे सुधारने का मौका दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 38 वर्ष पूर्व अपनी स्थापना के बाद से ही इग्नू देश में उच्च शिक्षा के लोकतंत्रीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इग्नू के अपने जन जन तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के मिशन के अनुसार उच्च गुणवत्ता पर जोर देने के साथ साथ एक लचीली और काम लागत वाली शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षा प्रणाली के माध्यम से जन जन तक उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहा है इग्नू ग्रामीण, शहरी, जनजातीय क्षेत्रों, शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों, कैदियों, सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों के कार्मिकों, घर पर रहने वाले माता पिता, सशस्त्र सेनाओं और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों, नियोक्ताओं और पहले से कार्यरत लोगों आदि को शिक्षा प्रदान कर रहा है इग्नू महिलाओं, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुविधा वंचित समूहों, पूर्वोत्तर क्षेत्र और देश के जनजातीय क्षेत्रों तथा कम साक्षरता वाले क्षेत्रों की ओर विशेष रूप से ध्यान दे रहा है इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 15 फरवरी है।

# जूनियर ने सीनियर को दी बोझिल मन से विदाई



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/इंतजार हुसैन**

**बदायूँ।** ब्लूमिंग डेल स्कूल दातागंज में सोमवार, 10 फरवरी 2025 विदाई समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं को बोझिल मन से बिदाई के साथ शुभकामनाएँ देकर एक दूसरे के साथ बिताये पलों को याद किया।

कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से हुई जिसमें स्कूली अध्यापक अध्यापिकाओं के साथ स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आहुतियाँ लगाई। विद्यालय की अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता तथा श्वेता मेहंदीरत्ता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाकर पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य, विभाग प्रमुख कीर्ति शर्मा, मीनाक्षी यादव तथा रसायन विज्ञान प्रवक्ता दुर्गेश झा ने अतिथियो का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने विदाई समारोह पर आधारित शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी नाटक के प्रदर्शन को भी सभी ने तहेदिल से प्रशंसा की। इसके अलावा टेलेन्ट शो एवं तेज आग का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। स्कूली प्रतियोगिता के दौरान कक्षा-12 के छात्र दिव्यांश शंखधार को मिस्टर फेयरवेल तथा छात्र प्रिया कुमारी को मिस फेयरवेल 2025 चुना गया। साथ ही सर्वोत्तम परिधान का खिताब सुमन सोलंकी और निखिल गुप्ता को दिया गया। विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा-12 के छात्र/छात्राओं को उपहार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। अंत में प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन अध्यापिका ऋचा सिंह तथा हिन्दी प्रवक्ता कामेश पाठक की देखरेख में कक्षा-11 के छात्र प्रियांशु कुमार और छात्रा हिमांशी राघव ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# डीएम ने बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की टेबलेट खिलाकर किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/इंतजार हुसैन**

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को मदर एथीना स्कूल निकट मण्डी समिति ककराला रोड़ बदायूँ में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की टेबलेट खिलाकर किया गया। जनपद में 1877200 बच्चों के लक्ष्य के सापेक्ष कृमि मुक्ति दिवस पर 1511729 बच्चों को एल्बेन्डाजॉल टेबलेट का सेवन कराया गया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव हेतु एल्बेन्डाजॉल टेबलेट का सेवन करने व अपने आस-पास साफ-सफाई रखने व अन्य बच्चों को भी कृमि संक्रमण की दवा खिलाने हेतु जागरुक कर स्वस्थ भविष्य का संदेश दिया गया।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्र ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों, किशोर व किशोरियों में कुपोषण एवं खून में कमी होती है जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता। यह दवा वर्ष में 02 बार 01-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों किशोर किशोरियों को खिलायी जाती है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों एवं किशोर व किशोरियों को कृमि नियंत्रण की गोली (चबाने वाली) सभी सरकारी व सहायता प्राप्त/प्राइवेट विद्यालयों, मदरसों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। जो बच्चो सोमवार को किन्ही कारणों से गोली का सेवन करने से छूट गये हैं, उन्हें 14 फरवरी 2025 को मॉप-अप दिवस पर गोली खिलायी जायेगी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि कृमि संक्रमण की रोकथाम आसान है। उन्होंने बताया कि खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें, आस-पास सफाई रखें, साफ पानी से फल व सब्जियाँ धोएं, हमेशा साफ पानी पियें, खाने को ढक कर रखें, नाखून साफ और छोटे रखें, जूते व चप्पल पहनें, हाथ साबुन से धोएं, विशेषकर खाने से पहले और शौंच के बाद अवश्य हाथ धोएं।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्र, नोडल अधिकारी आरकेएसके, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीसीपीएम, अर्बन हैल्थ कोर्डिनेटर, जिला कन्सलटेन्ट आरकेएसके, जिला समन्वयक एविडेंस एक्शन, स्कूल की प्रधानाचार्य, अध्यापकगण व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# एक बार फिर से देसराज गुप्ता बने श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष

## कहा-समाज की सेवा के लिए रहेंगे तत्पर, निभाएंगे ट्रस्ट की सेवा



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट करनाल की बैठक पुरानी अनाज मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक राजेश सिंघला ने की। बैठक में देसराज गुप्ता के कार्यो को देखते हुए पुनः अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने सहमति जताते हुए देसराज गुप्ता को श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष चुन लिया गया। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने देसराज गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर देसराज गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है। वह अपनी जिम्मेदारी को पहले की तरह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा के लिए वह तत्पर रहे है और आगे भी इसी तरह से सेवा जारी रहेगी। देसराज गुप्ता ने कहा कि पुरानी अनाज मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर अब धाम बन चुका है। यहां करनाल सहित दूर-दूर से भक्तजन दर्शन करने के लिए पहुंचते है। मंदिर में हर एकादशी व त्योहारों पर विशेष भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। मंदिर कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाती है। मंदिर में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

इस अवसर पर देसराज गुप्ता, राजेश सिंघला, एम.के गुप्ता, अरविंद गुप्ता, विशाल गुप्ता, संजीव गुप्ता, अनिल गर्ग, राजेश गर्ग, कृष्ण लाल मित्तल, अशोक कुमार, व विनोद कुमार उपस्थित रहे।

# दो हजार से अधिक बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं का काटा जाएगा बिजली कनेक्शन

**एसबी ब्यूरो**

**मंसूरचक(बेगूसराय)।** बिजली विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया हैं। दो हजार से अधिक बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा जाएगा।



उक्त बातें की जानकारी मंसूरचक विधुत कनीय अभियंता हर्ष कुमार मोर्य ने दिया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान प्रारंभ कर दिया है। पहले चरण में बिजली का व्यवसायिक उपयोग करने वाले बकायेदार उपभोक्ताओं के साथ कृषि कनेक्शन घरेलू कनेक्शन की बिजली काटी जा रही है।

बिजली कनेक्शन काटने के बाद भी अगर उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया तो बिजली कंपनी उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी करेगी।

# जीपीओ को खत्म करने के लिए रेल कर्मचारियो ने किया धरना प्रदर्शन




**एसबी संवाददाता**

**साहिबगंज।** रेलवे बोर्ड द्वारा परित जीपीओ को खत्म करने के लिए मालदा डिवीजन के अंतर्गत ऑल इंडिया गार्ड कॉन्सिल एवं क्रू लॉबी साहिबगंज के द्वारा काला पट्ट लगाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। वही रेलवे कर्मचारियो की मांग है कि रेलवे बोर्ड के द्वारा पारित जीपीओ को अभिलंब बर्खास्त करे और पुराने तरीके से चल रहे मालगाड़ी के लोड स्टेबल करने के लिए पॉइंट्स मेन को ही रखा जाए ना कि गार्ड और ड्राइवर को रखा जाए।

वही मौके पर लिए ट्रैन मैनेजर अखिलेश कुमार गौतम अग्निदेव, प्रशांत रजक, गुलशन शान्ति सिंह, रवि रंजन, एन के प्रभाकर, अमरजीत गोपाल, रंजन एवं अन्य रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

# खानपुर पुलिस ने फरार चल रहे दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को भेजा जेल

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर पुलिस ने बीती रात पुलिस फोर्स के साथ गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सेदुखा गाँव में छापामारी कर अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर के कार्यालय से निर्गत-MR-न0-1329/23 दिनांक-28/01/2025 जो अजमानतीय वारंट में फरार चल रहे अभियुक्त (1) रामदास महतो उर्फ नागों महतो पिता-स्वर्गीय लालबिहारी महतो (2)जटाशंकर महतो पिता रामदास महतो-ग्राम-सेदुखा-थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को छापामारी के क्रम में घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया। वही गिरफ्तार दोनों अभियुक्त के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रामदास महतो पिता स्वर्गीय लालबिहारी महतो/ जटाशंकर महतो पिता रामदास महतो ग्राम-सेदुखा थाना खानपुर के विरूद्व अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर के न्यायालय से निर्गत वारंट में फरार चल रहा था जिसे बीती घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया। गिरफ्तारी कागजात तैयार कर थाना के पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से माननीय अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।



# देवतुल्य जनता की सेवा ही सर्वोपरि हैः चंद्रप्रकाश

**एसबी ब्यूरो**

**तेघड़ा।** 143 विधानसभा क्षेत्र से समाजसेवी सह एयरफोर्स से अवकाश प्राप्त पदाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह उर्फ आनंद जी ने लगातार विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वहीं चाय के दुकानों पर जगह-जगह बैनर पोस्टर लगवाएं हुए हैं। संपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में चंद्रप्रकाश सिंह की लोकप्रियता की चर्चाएं हो रही है। पत्रकारों को श्री सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्रों में विधानसभा क्षेत्र को अव्वल बनाना है। स्थानीय समर्थकों का चंद्रप्रकाश सिंह उर्फ आनंद जी के प्रति भरपूर स्नेह देखने को मिला। वहीं उन्होंने कहा कि तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र को अव्वल लाने के लिए हम संकल्पित है। आपलोगों का प्यार ऐसे ही मिलता रहा तो मैं आप तमाम मतदाताओं के बीच प्रत्याशी के रुप में जल्द आएंगे।



**आवश्यक सूचना**

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**
**वाटसेप नम्बरः 9871221635**

# वारिसनगर प्रखंड के लखनपट्टी गाँव में शॉर्टसर्किट बिजली से लगी आग

## करीब दर्जनों गरीबों का आशियाना जलकर हुआ खाक

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** वारिसनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लखनपट्टी गांव के वार्ड 8 में विद्युत शॉर्टसर्किट के कारण महादलित परिवार के दर्जनों घर जलकर खाक हो गया। जो पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे जीने को बेवस हैं। मिली जानकारी के मुताबिक एक घर से उठी आग ने दर्जनों घर परिवारों के सपने को जलाकर खाक कर दिया। जो लोग अब खुले आसमान में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मदद की टकटकी लगाए बैठे है। यह दरसल पूरा मामला वारिसनगर थाना क्षेत्र के लखनपट्टी पंचायत स्थित लखनपट्टी गांव वार्ड 8 दलित बस्ती की है।जहां गुरुवार की देर रात करीब 8 बजे की है। जंहा किसी के घर में खाना बन रहा था तो कोई मजदूरी करके थककर सो रहा था तो कई गरीब परिवार बेटी की शादी के सपने देख रहा था। तभी शॉर्ट सर्किट बिजली से लगी आग ने दो घण्टे में सब जलाकर खाक कर दिया।



### पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे राजद प्रदेश महासचिव अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ एवं पूर्व जिला अध्यक्ष चंदन सहनी

वही प्रशासन और स्थानीय लोगो की मदद से आग पर तो काबू पा लिया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुका था। फिलहाल प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के द्वारा पीड़ित परिवारों को मदद किया जा रहा है। उधर इस घटना की खबर सुनते हीं राजद प्रदेश महासचिव अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ एवं पूर्व जिला अध्यक्ष चंदन सहनी राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शत्रुघन यादव,राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव जितेंद्र सहनी घटना स्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार का हाल चाल जाना,चंदन सहनी ने बताया कि इस तरह की घटना हृदय को झकझोर कर दिया है। यहां सभी महादलित समुदाय के लोग अपना फूस का घर बनाकर किसी प्रकार अपना जीवन यापन कर रहे थे।लेकिन आज उनका यह आशियाना भी जलकर खाक हो गया है।

इतना ही नहीं उनके घर में रखे पेटी, बक्सा में संयोग कर रखा बर्तन, जेवर, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित खाने पीने की सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित राम बालक पासवान ने बताया कि कई लोग अपनी बेटी की शादी के लिए पैसा जमा किए थे। और शादी के लिए खरीदा हुआ सामान भी था।जो सब जलकर राख हो गया। अब ना रहने के लिए घर बचा है और ना ही खाने के लिए कोई दाना।प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मदद से कल रात में चूड़ा और गुर खाने की व्यवस्था किया गया है।

वही गांव के सुनीता देवी अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ जले हुए सामानों को चुनती हुई बताती है कि वह रात में खाना बना रही थी। तभी पास के ही देवेंद्र पासवान के घर से बिजली की शार्ट सर्किट लगी जिसमें आग लग गया आग की लपटें इतनी तेज थी कि सभी घर उसके आगोश में आ गए और देखते ही देखे मेरा सारा सामान भी जलकर राख हो गया तीन बच्चे हैं जिसमें एक बेटे की शादी करनी थी जिसके लिए जेवर खरीद कर रखी थी। मेरा पूरा परिवार मजदूरी करके जीवन यापन करता है झोपड़ी का घर था लेकिन वह भी अब नहीं बचा। रात खुले आसमान में बिता। अब सिर्फ लोगो की मदद की आस बची है। बताते चले कि इस अगलगी की घटना ने लगभग दो दर्जन से अधिक दलित परिवार बेघर हो गए हैं। जिसमें दो पक्के की मकान और अन्य झोपड़ी की मकान शामिल था।

वही अंचला अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पंडित और एडीएम भी घटना स्थल पर पहुंच पीड़ित परिवारों के बीच पोलीथीन का वितरण किया है। साथ ही पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद के रूप में 12 हजार रुपए का चेक दिए जाने की बात कही है। आगे आवश्यकता अनुसार जो भी होगा प्रशासन की ओर से किया जाएगा।

उधर राजद प्रदेश महासचिव अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ सह पूर्व जिला अध्यक्ष चंदन सहनी ने मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जिन परिवारों का घर जला है उन्हें तत्काल प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए ताकि उन परिवारों का आशियाना फिर से खड़ा हो सके।

# करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव दो मार्च कोः उत्तम सिंह

## 12 मार्च को सुबह आठ बजे से मतगणना

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव के लिये मतदान दो मार्च हो होगा। इसी दिन असंध नगर पालिका चेयरमैन पद के लिये और तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड 5 का उपचुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित निकाय क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के अनुसार चुनाव लडने.के इच्छुक 11 से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद तीन बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने. वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह आठ बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मेयर पद के सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, एससी महिला एवं अनुसूचित जाति के पुरुष के लिए आठवीं कक्षा पास होना जरूरी है। नगर निगम के पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रधान के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति की महिला एवं अनुसूचित जाति के लिए आठवीं पास होना जरूरी है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है।



**ये रहेगी जमानत राशिः** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि नगर निगम में मेयर पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 10 हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए पांच हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर निगम में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए तीन हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए 1500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है। इसी प्रकार नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए दो हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए एक हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए एक हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए 500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है।

**चुनावी खर्च की सीमाः** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि नगर निगम मेयर पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 30 लाख रुपये, पार्षद पद के लिए सात लाख 50 हजार रुपये तय की गई है। नगर पालिका चेयरमैन पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 12 लाख 50 हजार रुपये, पार्षद पद के लिए तीन लाख रुपये तय की गई है। उन्होंने बताया कि सभी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव खर्च को ब्यौरा रखना होगा और उसे चुनाव खत्म होने के बाद 30 दिनों के अन्दर संबंधित आरओ को जमा करवाना होगा। यदि कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं करता है तो उसे पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि है तो उसे उसका पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। इसके लिए उसे स्थानीय हिन्दी व अंग्रेजी समाचार पत्रों में पूरी जानकारी प्रकाशित करवानी होगी। साथ ही अलग-अलग तीन दिनों में स्थानीय टीवी चैनल और केबल नेटवर्क पर प्रसारित करवानी होगी।

# असंध की समस्याओं का शीघ्र होगा समाधान: विधायक योगेंद्र राणा

## ■ विधायक ने चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए किया आभार





**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** असंध विधानसभा से विधायक योगेंद्र राणा ने अपने असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव मुनक में धन्यवाद एवं जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों के बीच पहुंचकर ग्रामवासियों द्वारा विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया।

विधायक योगेंद्र राणा ने सभी उपस्थितिजनों का लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को दिए अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए भी आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भली-भांति परिचित हूं जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी।

विधायक योगेंद्र राणा ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि यह जीत मेरी न होकर आप सभी की जीत है जिनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार प्रदेश में बहुमत हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है।

इस बार पिछले दो कार्यकाल पूरी करने वाली सरकार को तीसरी बार मौका मिला है। यह भाजपा के लिए गर्व का विषय है। इस जनादेश की गूंज दूर दूर तक है। उन्होंने कहा कि अब असंध हल्के में विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा।

असंध शहर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में युवाओं को बिना पर्ची खर्ची योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध करवाए हैं। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक प्रवीन कुमार, बल्ला मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित राणा, गुलाब सिंह मुनक, एस.सी. मोर्चा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश, गांव बांबरेहडी के सरपंच प्रतिनिधि अजय कुमार, गुरदीप बीजना, मुनक ब्लॉक समिति चेयरमैन जितेन्द्र संधू, जोगेन्द्र पांचाल बल्ला, गांव मुनकखेडी सरपंच गौरव राणा, बाबा धूणी दास, सहित पार्टी के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# शहरी निकाय चुनाव में भाजपा की होगी जीत: योगेंद्र राणा

## ■ योगेंद्र राणा का पार्षदों ने पुष्पगुच्छ भेंट स्वागत किया





**संजना भारती संवाददाता**

**असन्ध।** हरियाणा के बाद दिल्ली में भाजपा की बंपर जीत से पार्टी में उत्साह चरम पर है। इसके साथ ही हरियाणा नगर निकाय चुनाव 2025 में जीत के लिए पार्टी नेता जुट चुके हैं। इसी बीच सोमवार को विधायक योगेंद्र राणा ने पार्षदों की मीटिंग ली।

विधायक योगेंद्र राणा का नपा कार्यकारी चेयरमैन राजेंद्र ढींगड़ा, पार्षद प्रतिनिधि विजय गर्ग, राजकुमार बंसल व नरेन्द्र छीन्ना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने निकाय चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया। विकास के नाम पर वोट मांगे जाएंगे।प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। इस अवसर पर पार्षद जगदीश गुप्ता, संदेश जिंदल, ऋषि मूंडे, पार्षद प्रतिनिधि विनोद गोयल, गांधी सहित अन्य मौजूद रहे।

# इग्नू के पाठ्यक्रमों में 15 फरवरी तक ले सकते है दाखिला

## ■ इग्नू में दाखिले की प्रक्रिया को लेकर प्राध्यापिकाओं ने जानकारी दी




**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** जीवन चानन महिला महाविद्यालय में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र की कोऑर्डिनेटर डॉ सिमरत पाल व डॉ. हेमलता शर्मा ने श्री सनातन धर्म सेवा समिति सामुदायिक भवन में लोगों को दाखिले की जानकारी दी। डॉक्टर सिमरत पाल ने बताया कि अभ्यर्थी इग्नू में 15 फरवरी तक प्रवेश ले सकते है। उन्होंने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है, उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। डॉ. सुरेखा के द्वारा बताया गया कि इग्नू अपने गुणकारी शिक्षा से सभी को लाभान्वित कर रहा है।

डॉ हेमलता शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाया वह इग्नू में दाखिला लेकर के अपनी पढ़ाई जारी कर सकता है और इसमें कोई आयु सीमा नहीं है। डॉ. नीतू सेठी ने भी इग्नू में दाखिले की प्रक्रिया को लेकर जानकारी दी।

# दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर पूर्व विधायक लीला राम ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जश्न



**संजना भारती संवाददाता**

**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दिल्ली में मिली ऐतिहासिक जीत पर पूर्व विधायक लीला राम के निवास स्थान पर जोरदार उत्साह देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक लीला राम के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को जलेबी,व लड्डू खिलाकर और गुलाल उड़ाकर जीत की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है, जो भाजपा के सिद्धांतों और कार्यशैली को दशार्ती है।

कैथल में भाजपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा की विजय यात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, मोदी-शाह जिंदाबाद, 'भाजपा जिंदाबाद' जैसे नारे लगाकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान फूलों की वर्षा, मिठाइयों का वितरण और आतिशबाजी ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया।

पूर्व विधायक लीला राम ने कहा, "दिल्ली में भाजपा की इस प्रचंड जीत का श्रेय पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और विकासपरक नीतियों ने जनता का दिल जीता है। भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर चलते हुए देश के हर नागरिक के हित में कार्य किया है, जिसका परिणाम हमें दिल्ली चुनाव में देखने को मिला है।"

उन्होंने आगे कहा, "गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी दिल्ली में लगातार मेहनत की और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। भाजपा की यह जीत भारत के विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और मजबूत कदम है।" भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे कई प्रमुख कारण रहे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाएं, संगठन की मजबूत रणनीति, और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरे देश में लगातार बनी हुई है। उनके द्वारा शुरू की गई योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने जनता का भरोसा जीत लिया है। भाजपा का संगठन देशभर में सबसे मजबूत है।

दिल्ली चुनाव में भी कार्यकर्ताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी को जिताने में योगदान दिया। बूथ स्तर पर भाजपा की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत ने जीत सुनिश्चित की।भाजपा अब इस जीत के बाद आगामी चुनावों और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। पार्टी का मुख्य लक्ष्य विकास कार्यों को गति देना, जनता से जुड़ाव बढ़ाना और भारत को विश्वस्तरीय ताकत बनाना है।

पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि यह जीत सिर्फ शुरूआत है। भाजपा आगे भी राष्ट्र निर्माण और जनता के कल्याण के लिए कार्य करती रहेगी। भाजपा की इस सफलता से कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा है, जो पार्टी को और मजबूत बनाएगी। अब आगे की राह और भी उज्ज्वल दिख रही है, और भाजपा का विजन भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने की दिशा में आगे बढ़ता रहेगा।

# डबल इंजन की सरकार बनने पर दिल्ली की जनता को बधाई: जगमोहन आनंद



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के लिए करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने खुशी जाहिर की और दिल्ली की जनता का धन्यवाद किया तथा डबल इंजन की सरकार बनने पर बधाई दी। विधायक ने हरियाणा बीजेपी के सभी कार्यकर्ताओं को भी दिल्ली चुनावों में जीत के लिए बधाई दी और कहा कि इस जीत में हरियाणा के कार्यकर्ताओं का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि झूठ की राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती, अब दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि केजरीवाल झूठ का पुलिंदा है वह केवल झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर सकता है, उसे आम जनता के विकास से कोई लेना-देना नहीं है।

विधायक ने कहा कि जनता बार-बार झूठ को स्वीकार नहीं करती है, केजरीवाल ने हमेशा से झूठ की राजनीति की है और जनता अब उनकी विचारों को समझ चुकी है कि वह आम आदमी नहीं, खास आदमी बन गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इतना प्रचंड बहुमत 26 साल के बाद भाजपा को मिला है, यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक परियोजनाओं का परिणाम है। दिल्ली की जनता ने इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को समझा है और भाजपा को करीब दो तिहाई बहुमत से दिल्ली विधानसभा में विजय दिलाई है।

# करनाल नगर निगम चुनावों में राजपूत समाज के लोगों को दिया जाए टिकट



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद राजपूत समाज ने एक बार फिर एकजुट होकर निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा टिकटों की मांग की है। इस संबंध में राजपूत सभा करनाल के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की नगर निगम के चुनाव 2 मार्च को होने वाले हैं। करनाल नगर निगम में राजपूत समाज के वोट निर्णायक संख्या में है। पहले भी समाज के निगम पार्षद रहे हैं। इसलिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया जाता है कि नगर निगम चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी विभिन्न वार्डों में राजपूत समाज के लोगों को टिकट दे ताकि राजपूत समाज को भी प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने जो आवेदन लिए हैं उनमें कई वार्ड से समाज के लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए हैं। इन आवेदन पर गंभीरता से गौर किया जाए और कम से कम दो से तीन वार्डों में टिकट दिए जाएं।

इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, राजपूत सभा के महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, एडवोकेट मानसिंह राणा, प्रवीण चौहान, अनिल चौहान सहित काफी संख्या में समाज सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा राजौंद ने लड्डू बांटकर दिल्ली विधानसभा चुनाव जीत की खुशी मनाई

## ■ 'दिल्ली की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद दिया, आप-दा की हुई विदाई'



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्ण शनिवार, आठ फरवरी को बहुमत से कमल खिला है। दिल्ली आम आदमी पार्टी के तीन बार के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व उनकी टीम को हरा कर नरेंद्र मोदी की भाजपा ने 48 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सिमट कर रह गई। राहुल गांधी की कांग्रेस ने लगातार जीरो सीट जीत कर डबल हेटरिक लगाई है।

दिल्ली में 27 साल बाद हुई भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी जाहिर करते हुए नव निर्वाचित भाजपा राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल ने अपने कार्यकर्ताओं संग राजौंद के महाराणा प्रताप चौक पर लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। दिल्ली में भाजपा की इस भव्य जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए सुशील पांचाल व अनिल मलिक ने कहा कि दिल्ली में आप-दा का अंत हुआ है और 27 साल भाजपा की दिल्ली में सरकार बनी है। इसके लिए उन्होंने दिल्ली और हरियाणा को बधाई देते हुए जनता का आभार जताया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की भ्रष्ट और झूठ की राजनीति को करारा जवाब दिया है और भाजपा पर विश्वास जताया है। वहीं जाखौली मंडल अध्यक्ष अनिल मलिक ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को दिल्ली की जनता ने स्वीकार किया और केजरीवाल की झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति की दूकान पर ताला लगा दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों को जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर साफ कर दिया है कि जनता अब झूठ और भ्रष्टाचार को नहीं बल्कि विकास की राजनीति को स्वीकार कर चुकी है। कार्यकर्ताओं संग खुशी मनाते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष ने इसे दिल्ली के साथ साथ हरियाणा की भी जीत बताया और कहा कि केजरीवाल ने यमुना माई का अपमान किया और हरियाणा वालों पर अनर्गल आरोप लगाकर गन्दी राजनीति की, जिसका मुंह तोड़ जवाब अब दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को दिया है।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कुलविंदर, राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल, जाखौली मंडल अध्यक्ष अनिल मलिक, कपिल दिक्षित, नफे सिंह, नीरज राणा, अरुण कुमार, सुरेश, सुखदेव, वीरेंद्र, सतपाल, अरूण, संजीव, महेंद्र शर्मा, रामनिवास महेंद्र, सतीश, लोकेश, सुरेंद्र, जोनी, सोनू, पवन, कमल, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गांव में लगेंगे खुले दरबार



एडीसी दीपक बाबू लाल करवा।

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चिह्नित किए गए गांवों में बिजली विभाग व अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय द्वारा संयुक्त रुप से खुला दरबार लगाया जाएगा। पहले फेज के तहत गांव कौल में 10 फरवरी को, बालू में 11 फरवरी तथा गांव देवबन में 13 फरवरी को खुला दरबार लगा कर आमजन को इस योजना के बारे में जागरूक किया जाएगा और पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे इन शिविरों का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिला के एक गांव को सोलर मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

इस प्रतियोगिता के तहत 5 हजार से अधिक आबादी वाले 10 गांवों को चिन्हित किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में से जो पंचायत इस योजना के तहत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बेहत्तर कार्य करेगी तथा तय मानकों पर खरा उतरेगी, उस गांव को सोलर मॉडल गांव बनाने के लिए सरकार द्वारा एक करोड़ रुपए की धनराशि दी जाएगी। एडीसी दीपक बाब लाल करवा ने बताया कि प्रतियोगिता अवधि (6 महीने) के बाद, सरकारी एजेंसी प्रत्येक संभावित उम्मीदवार गांव की सीमा के भीतर अक्षय ऊर्जा क्षमता का मूल्यांकन करेगी।

इसके तहत घरों की छतों पर, सरकारी भवनों पर तथा ट्यूबवैल कनैक्शन आदि पर सोलर पैनल लगवाए जाने हैं। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने घरों की छत्तों पर सोलर पैनल लगवाएं। इस योजना के तहत केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानि कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

अन्य सभी उपभोक्ता जो उपरोक्त से आय से अधिक आय के सभी उपभोक्ताओ के लिए दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये, तीन किलोवाट या अधिक के लिए सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा।

# डॉक्टरों ने करनाल में की स्वास्थ्य चर्चा

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रिविलेज कार्ड लॉन्च किया है। इस कार्ड के जरिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में प्राथमिकता सेवाएं और विशेष लाभ प्रदान किया जाएगा। भारत विकास परिषद (माधव शाखा) के सहयोग से इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा करनाल में स्वास्थ्य पर चर्चा का आयोजन किया गया। नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के कार्डियोथोरेसिक व हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल ने कहा कि हृदय रोग एक बढ़ती चिंता है। देश के लगभग सभी हिस्सों में इसका दायरा बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों को लोग जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करना चाहिए। इसके जरिए हम लोगों को निवारक हृदय देखभाल जीवनशैली में संशोधन और शीघ्र निदान के बारे में शिक्षित कर सकते हैं। डॉ. मुकेश गोयल ने कहा कि आज के समय में हमें अपने हृदय रोगों की रोकथाम, जीवनशैली में बदलाव और समय पर हस्तक्षेप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं डॉ. गौरव त्यागी ने पीठ दर्द पर चर्चा करते हुए जेएपी-एक्स प्रक्रिया के बारे में भी बताया, जिसे हाल ही में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में शुरू किया है। यह तकनीक, जो ब्रेन ट्यूमर के लिए एक गैर-आक्रामक रेडियो सर्जरी है, एक सुरक्षित उपचार विकल्प प्रदान करती है। इस बीच इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के लिवर प्रत्यारोपण और एचपीबी सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नीरव गोयल ने कहा कि इस पहल के जरिए हमारा लक्ष्य लिविंग डोनर व लिवर प्रत्यारोपण जैसी जीवन रक्षक चिकित्सा प्रगति के बारे में जागरूकता फैलाना है।

# नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए निरंतर मुहीम



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** नशा तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी राजेश कालिया के निदेर्सानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। रविवार की सुबह एसएचओ थाना सीवन एसआई कुलदीप देशवाल, एसएचओ थाना गुहला एसआई रामपाल, एडिशनल एसएचओ थाना राजौंद एसआई संदीप, चौकी किठाना प्रभारी एसआई शमशेर की पुलिस टीमों द्वारा स्नाईपर डॉग के साथ थाना सीवन, गुहला व थाना राजौंद व चौकी किठाना क्षेत्र में सर्च आपरेशन चलाया गया। जिसके तहत नशा तस्करो का पुराना रिकॉर्ड व गुप्त सुचना के आधार पर संदिग्ध घरो की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छीपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या अपराधीक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो।

एसपी राजेश कालिया ने बताया कि कैथल पुलिस लगातार नशा तस्करो का पुराना रिकॉर्ड खंगालकर व गुप्त सुचना के आधार पर निरंतर यह कार्रवाई कर रही है।

इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक कार्यों में शामिल आरोपी जो गैर कानूनी तरीके से रह रहे हों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। नशा तस्करों की जगह सलाखों पीछे है। पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा तथा संदिग्ध नशा तस्करों की निरंतर मुहिम दौरान नियमानुसार कार्रवाई अतंर्गत तलाशी ली जाएगी।